प्रेस नोट 07/06/2026

जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग-अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी व विभिन्न मामलों में वांछित/वारंटी अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

थानावार कार्यवाही का विवरण –

1. थाना रामपुर पुलिस द्वारा दिनांक 07.06.2026 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मर्यादपुर बाजार से बहादुरपुर मार्ग पर नहर पुलिस के पास से मु0अ0स0 49/2026 धारा 137(2), 74 बीएनएस व 9जी/10 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्तगण 1. अमन पुत्र जितेन्द्र, सत्येन्द्र पुत्र श्रीमान निवासीगण मारुफपुर थाना रामपुर जनपद मऊ को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय किया गया।

मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे परिवार परामर्श समिति की बैठक की गयी जिसके प्रयास से 03 दंपती साथ साथ रहने को हुए राजी, 40 मामलों में से 09 मामलों का हुआ निस्तारण-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में आज दिनांक 07.06.2026 को परिवार परामर्श समिति की बैठक पुलिस कार्यालय में सम्पन्न हुयी। इस दौरान परिवार परामर्श समिति के सदस्यो के समक्ष कुल 40 मामले आये जिसमें परिवार परामर्श समिति के सदस्यो के प्रयास से 09 मामलों का निस्तारण हुआ तथा 03 दंपति नेहा/अशोक, सोनी/उमर, उषा/रुफानी हैं। आपसी मतभेद भुलाकर एक दुसरे के साथ रहने को राजी हुए। 05 फाईलें पक्षकारों की उदासीनता से बन्द की गयी। तथा एक मामले में एफआईआर दर्ज किया गया अन्य मामलों के निस्तारण हेतु समिति की बैठक की अगली तारीख 05.07.2026 दी गयी है। परिवार परामर्श समिति की बैठक में अध्यक्ष अर्चना उपाध्याय, सर्वेश दूबे, शाहिद पैरिस, मौलवी अरशद तथा म0उ0नि0 मधु शर्मा रहे। सहयोगार्थ उ0नि0 इन्द्रभूषण पान्डे, महिला आरक्षी पूनम पाल, राजलक्ष्मी, करिश्मा रहे।

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में आज दिनांक 07.06.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया-

इस अभियान के अंतर्गत 38 टीम गठित कर जनपद के 45 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग 1600 सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 555 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 07 वाहनो को सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।

जनपद मऊ पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुहम्मदाबाद साइबर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए 01 पीड़ित की कुल 20,000/- रुपये धनराशि वापस कराई गई -

विभिन्न थाना क्षेत्रों से प्राप्त साइबर फ्रॉड़ की शिकायतों के आधार पर साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं साइबर पोर्टल पर तत्काल कार्रवाई की गई

उक्त कार्यवाही के अंतर्गत जनपद के थाना मुहम्मदाबाद द्वारा पीड़ित 1. मो0 हासिम पुत्र अब्दुल बारी निवासी खैराबाद थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ को कुल धनराशि 20,000/- उनके खाते मे वापस कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, निवेश, लोन, पार्ट टाइम जॉब अथवा OTP साझा करने से सावधान रहें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।